The Krama system is, of course, very ancient and it preceeds historically the period during which Pretibijna Shastra was revealed by Shri Somananda and later on elaborated by Shri Uttpala Deva in his Vimarshini on Shiva Drishti. The technique of Krama is based partly on Anava Upaya and partly on Shakhta Upaya. The Annava State lasts throughout the initial period of practice when the seeker resorts to concentraion on space, time and form. Once he starts overstepping them, he automatically enters into Shakhtopaya. When he gets firmly established in spacelessness, timelessness and formlessness, he is further elevated and becomes qualified for Shambhava Upaya.

---

[5] Space, time and form thus constitute the three referal points for interpreting all human experiences which are infinitely diverse in character. It is only the confluence or the convergence of these three that resolves all differentiated experiences into single unitary experience of God - Consciousness known by several names e.g. ultimate reality. Maheshwara, heart or core truth, self-realization, supreme consciousness, transcendance, ultimate bliss etc. etc.

There is yet another school of thought in Kashmir Saivism that is ranked as fourth in order of merit viz, the SPANDA SCHOOL OF THOUGHT. It comprises of Shakhta and Anava Upayas. The Spanda School of Thought rests on the principle of movement - movement forming the basis of revelation of one's nature-any kind of movement, not necessarily physical movement. Consider the case of a hand at rest. Even when it does not move it is still invested with the power of moving. If that power were not there, it would be a dead man's hand. It is obvious that though not moving externally, the power of motion exists and some movement is still going on within the veins of the hand. We are all aware that during the interval of two successive heart beats, how fast the blood rushes throughout our capillary system, though not perceived by our naked eyes. Imagine it traverses through 72,000 major and minor veins by the time the heart beats once. Thus the soul reveals its power of movement. This gets more and more clearly revealed through appropriate methods of concentration on different forms of movements making it possible to ultimately discern the changeless state of Spanda Shakti. One such illustration, often observed by us, is provided by an electric fan. Once it is switched on, the blades start rotating and at increased speeds, even though they rotate so quickly, yet the objects behind the moving blades remain distinctly clear, the blade in motion allowing full view of the still objects in the background. The Spand system thus lays emphasis on acceleration of the sense perceptions involving movement so intensely that the underlying changeless (movementless) state of Spanda comes into clearer and still clearer relief. The one- pointedness of concentration constitutes the key to our discernment of the change-less state of Spanda right amidst the process of intensely fast occuring perceptions. In the case of the fan at maximum speed we clearly see only the space in which the blades move, certainly not the blades. Besides we hear the sound caused by the continuous air displacement as well as the mechanical sound of the equipment. Thus more intense the effort of concentration the greater the chances of one's entrance into yogic trance which is the state of motionlessness - characteristic of Lord Shiva, the highest state of quietitude (nispandata). Thus all forms of motion (activity) like the process of sense perceptions and activities through our organs of action will ultimately get transformed into that sublime state of motionlessness and hence unbroken awareness. This system of Spanda thought was evolved by Shri Vasu Gupta, who himself got it from Lord Shiva through the Sutras engraved on the huge boulder named Shankar Pala.

Here ends the discourse on the Four Systems of Thought in Kashmir Shaivism.

[English Translation
By Samvit Prakash Dhar]

JAI GURU DEV



कश्मीर शैवदर्शन - आधुनिक युग में इसकी उपादेयता

प्रो॰ मखनलाल कुकिलू

यदि हम मानवजाति की ओर निष्पक्ष-रूप से देखेगें तो यह स्पष्ट होता है कि मानवजाति आज के युग में अपने अस्तित्व के लिए कठोर संघर्षरत है और मानसिक शान्ति के लिए आकुल है। इस आत्मिक शान्ति को, वह तनाव पूर्ण जीवन रूपी मरूस्थली में, जल प्राप्ति के समान सौभाग्य का सूचक समझती है। सुरम्य और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हम कैसे रहें, इस ध्येय को पाने के लिए हमें अपने ऋषियों और सन्तों की दैनिक किया और जीवन चर्या का भली-भांति अवगाहन करना पडेगा। यह एक महत्वपूर्ण बात है कि हमारे आधुनिक युग के असाधारण बुद्धिजीवियों तथा उच्चकोटि के वैज्ञानिकों की विचारधारा में भी आध्यात्मिक तथ्यों के पर्यालोचन तथा उनकी महत्ता का प्रतिबिम्ब दिखने को मिल रहा है। कश्मीर शैवदर्शन के सिद्धों ने भी कई ऐसे सत्य संसार के सामने रखें हैं जिन्हें आजकल के भौतिक शास्त्रियों ने भी महान् वैज्ञानिक तथ्य के रूप में स्वीकारा है। कश्मीर शैवदर्शन के ऐतिहासिक साक्ष्य को टटोलते हुए हमें मोहनजोदड़डों और हड़प्पा से जो सामग्री मिली सर जॉन मार्शल के अनुसार हमें इस बात की पुष्टि होती है कि शैवमत का इतिहास पाषाणयुग अथवा उससे भी प्राचीन है तथा वह विश्व का सबसे प्राचीन दर्शन है। जहां तक इस शैव आंदोलन का प्रश्न है यह ३000 ई. पू. भारत में विद्यमान था। भारत में विभिन्न कालों में अनेक शैवागम सम्प्रदाय प्रकट हुए, इनमें "महापाशुपत" अथवा "नकुलीश पाशुपत" आन्ध्र प्रदेश में विकसित हुआ, "शैव-सिद्धांत" अथवा "दक्षिण शैव सिद्धांत" तमिलनाडू में तथा "वीर शैवमत" कर्नाटक में विकसित हुआ। "शाक्तमत" का प्रचार समय-समय पर भिन्न-भिन्न भागों में हुआ और "कश्मीर शैवदर्शन" का जन्म कश्मीर में हुआ। इस प्रकार हम देखते हैं कि आगम संस्कृति यद्यपि द्रविड़ संस्कृति है पर आर्य संस्कृति के साथ धीरे-धीरे मिलकर सारे देश में इसका विकास हुआ और शैवधर्म भारत के कोने-कोने में धार्मिक आंदोलन के रूप में पहुंच गया। यद्यपि विभिन्न प्रचलित धार्मिक परम्पराओं का इस पर पर्याप्त प्रभाव पडा फिर भी आगम संस्कृति की मूल भावना सर्वत्र समान रूप से सभी सम्प्रदायों में विद्यमान रही। इन सम्प्रदायों में प्रत्येक अपनी कुछ विशेषता लिये है और प्रत्येक का अपना अलग साहित्य है। इन सम्प्रदायों के धार्मिक सिद्धांतों के स्त्रोत शैवागम अथवा शैवतंत्र थे। परम्परा से प्राप्त इस आगम शास्त्र का श्री वसुगुप्त (ई. नवीं शताब्दी) तथा इनके शिष्यों ने, प्रचार किया तथा घाटी में व्याप्त बौद्ध प्रभाव को ध्वस्त तथा इससे जुड़ी विचारधारा को धीरे-धीरे निरस्त कर दिया। साहित्यिक दृष्टि से आठवीं सदी से लेकर कश्मीर का साहित्यिक गगन जिन प्रचण्डरश्मि वाले मार्तण्डों से लगभग छः सौ वर्षों के लिए प्रदीप्त रहा उनमें आचार्य वसुगुप्त, श्री सोमानन्द, आचार्य उत्पलदेव, श्री राम कण्ठ, श्री शंभुनाथ, लक्ष्मण गुप्त, आचार्य अभिनवगुप्त, क्षेमराज, योगराज आदि प्रसिद्ध हैं। इन मनीषियों ने अपनी प्रखर प्रतिभा से शैव दर्शन की बारीकियों का जिस तरह जनमानस में समझाने की पहल की उसका ज्वलन्त उदाहरण इनकी असाधारण रचनायें है जिनकी महत्ता आजतक उत्तरात्तर बड़ती जा रही है। बौद्धमत की दार्शनिक धाराने लगभग तीन शताब्दियों तक कश्मीर में अपना साम्राज्य स्थापित किया था। इससे प्रचलित शैवधारा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। शैवधर्म के अस्तित्व को खतरे में पड़ा देखकर भगवान श्रीकण्ठनाथ ने आचार्य वसुगुप्त को सपने में आकर यह आदेश दिया कि कश्मीर में "हारवन" के पास महादेव नामक पर्वत पर एक बड़ी शिला, जिसका मुंह नीचे होगा, पर शिवसूत्र खोदे पडे हैं, आप जाकर अपने पैर से उस शिला को उलटाकर उन शिवसूत्रों का खूब प्रचार करो जिससे बौद्धधर्म धीरे-धीरे निरस्त होगा और घाटी में पुनः शैवसिद्धांत का प्रचलन होगा। आचार्य वसुगुप्त ने ऐसा ही करके इन शिवसूत्रों का प्रचार किया और भट्टकल्लट नामक इनके ही शिष्य ने इन सूत्रों पर टीका लिखी फिर श्री भास्कर ने इन का विस्तार पूर्वक विवेचन किया क्योंकि इन सूत्रों में गागर में सागर है। महत्वपूर्ण आगम ग्रन्थ होने के नाते बहुत से विद्वानों ने इन पर अपनी लेखनी उठाई पर श्री क्षेमराज की विमर्शिनी नामक टीका विस्तृत और सारगर्भित है। इसमें अनेक उद्धरण अन्य आगमों और तंत्रों के दिये गये हैं जिनसे इसकी उपादेयता में वृद्धि हुई है।श्री सोमानन्द अद्वैतशैव दर्शन पर लिखने वाले पहले विद्वान् थे जिन्होंने "शिवदृष्टि" नामक दार्शनिक ग्रन्थ की रचना की। इनके प्रधान शिष्य श्री उत्पलदेव थे जिन्होंने अपने गुरु की रचना "शिवदृष्टि" की टीका की और साथ ही अनेक रचनाओं से शैवदर्शन को समृद्ध

किया, जिनमें श्री ईश्वरप्रत्यमिज्ञा महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। इस महान् ग्रन्थ की महत्ता इस बात से आंकी जाती है कि कश्मीरशैवदर्शन को प्रत्यमिज्ञा दर्शन के नाम से भी पुकारा जाने लगा। संस्कृतवाड्.मय में भक्ति स्तोत्र सैकडों मिलते हैं पर इनका लिखा हुआ ग्रन्थ शिवस्तोत्रावली बेजोड़ है। कारण यह कि यह स्तोत्रावली समावेशदशा से अभिभूत बने हुए कवि हृदय की भावगंगा है। इसमें भक्ति है, नम्रता है, विवशता है, करुणा है, उन्माद है, आर्त पुकार है, दैन्य है, ग्लानि है, अभीष्ट से शिकवा है और आत्मसमर्पण है। ईश्वरप्रत्यमिज्ञा पर इन्होंने विवृत्ति नाम की टीका लिखी जिसका उल्लेख केवल अन्य शास्त्रों में मिलता है पर पुस्तक अप्राप्य है। सिद्धित्रयी नामक तीन भिन्न रचनाओं में शैवदर्शन के क्लिष्ट सिद्धांतों पर खुल कर प्रकाश डालने का इन्होंने प्रयास किया। एक साधारण गृहस्थी होकर आचार्य उत्पल देव ने अनुत्तर मार्ग में जिस चरमसीमा को पार किया वह अनुपम है।

कश्मीर शैवदर्शन महारण्य में आचार्य अभिनव गुप्त शैवदर्शन केसरी के नाम से विख्यात है। इनके प्राप्त ग्रन्थों में महत्त्वपूर्ण तथा सर्वातिशायी श्रीतंत्रालोक है जिसमें ३७ आह्निक या volume है। यह सारे शैवआगमपरम्पराओं का एक आदर्शग्रन्थ है इसलिए आचार्यों ने इसे "अशेषागमोपनिषत्" नाम से भी पुकारा है। यदि कश्मीर शैवदर्शन का इसे Encyclopedia कहे ता कोई अत्युक्ति नहीं होगी। यह ग्रंथ आचार्य अभिनवगुप्त के बहुमुखीय व्यक्तित्व का एक आकर ग्रंथ है। कश्मीर शैवदर्शन, त्रिकदर्शन के नाम से भी पुकारा जाता है। नर शक्ति शिवात्मकं त्रिकम् अर्थात् जिसमें नर (जीव) शक्ति और शिव का समन्वय हो उसे त्रिक कहते हैं। अथवा नरात्मकता शक्तिमता और शिवात्मकता के स्वरूप को क्रमशः प्रकट करनेवाले आणव समावेश, शाक्त समावेश और शैव समावेश ही त्रिक दृष्टि हैं। श्रीतन्त्रालोक में आचार्य ने इस त्रिक संदर्भ को अनेक आह्निकों में उजागर किया हैं। इस त्रिक दर्शन को षड़र्ध दर्शन भी कहते हैं। इसी त्रिकदृष्टि से वैयाकरणों का एकवचन, द्विवचन, और बहुवचन, अथवा अन्यपुरुष, मध्यमपुरुष और उत्तमपुरुष प्रभावित है। त्रिस्वर (हस्व, दीर्घ और प्लुत) त्रयी (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद) त्रिवर्ग (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य) त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु महेश) त्रिलोक (भूः भुवः स्वः या परा, परापरा, अपरा) त्रिनेत्र (दक्षिण, वाम, ललाटस्थ) त्रयीहुतभुजा (तीन अग्नि–गार्हस्थ्य, हवन, श्मशान) त्रिशक्ति (इच्छा, ज्ञान, क्रिया) त्रिपदी (गायत्री, जालंधर, कामरूप) त्रिब्रह्म (नर, शक्ति, शिव अथवा इड़ा पिंगला, सुषम्ना) ये सब या और भी जो कोई पदार्थ तीन प्रकार से नियम में बांधा गया है, वह इसी त्रिकदृष्टि के ही पोषक है। इसीलिए इस त्रिकदृष्टि के समर्थक आचार्य अभिनवगुप्त को प्रत्यभिज्ञावादी मानना युक्तिसंगत ही है। श्री मधुराजयोगिन् जो इनके समीपस्थ शिष्य थे, इनकी सर्वाधिक महत्ता से प्रभावित होकर इन्हें श्रीकण्ठ के साक्षात् अवतार और दक्षिणामूर्ति का प्रत्यक्षस्वरूप मानते थे। यह सर्वविदित है कि हमारे सद्गुरु महाराज ईश्वर स्वरूप श्रीलक्ष्मणजू बीसवीं सदी के अभिनवगुप्त थे, जिनका प्रमाण हमें बीसों बार प्रत्यक्षरूप से मिला है। सद्गुरुनामावली में भी इस तथ्य का चित्रण "अभिनवगुप्तायकाश्मीरिकाय " के अंकन से स्पष्ट रूप से हुआ है।

कश्मीर शैवदर्शन और उस के कुछेक महान् विभूतियों का चित्रण करने के पश्चात् अब हम इस दर्शन की उपादेयता पर एक विहंगम दृष्टि डालने का प्रयास करेंगें। कश्मीर शैवदर्शन संसार में रहकर सांसारिक भोगों से या ऐश्वर्यो से परे रहकर मोक्षसाधना का उपदेश नहीं देते हैं। पर इस दर्शन के अनुसार मुक्ति और भुक्ति एक दूसरे के पूरक हैं। भोगों का आनंद लेने में ही मुक्ति का पथ प्रशस्त होता है।

मोक्ष के विषय में आचार्य अभिनवगुप्त कहते हैं किः–

मोक्षोहि नाम नैवान्यः स्वरूपप्रथनं हिसः।

स्वरूपं चात्मनः संवित् नान्यत्––––––।।

अर्थात् मोक्ष कोई आश्चर्यकारी असंभावित वस्तु नहीं है। मोक्ष तो अपने स्वरूप का विस्तार है और वह स्वरूप अपनीसंवित् (Supreme consciousness) है और कुछ नहीं। इसी प्रसंग में आचार्य ने एक और स्थान पर कहा है कि –

मोक्षस्य नैव किंचित् धामास्ति न चापिगमनमन्यत्र।

अज्ञान ग्रन्थिभिदा स्वशक्त्यमिव्यक्तता मोक्षः।।

अर्थात् मोक्ष का कोई निश्चित स्थान नहीं है ना ही मोक्ष प्राप्ति के लिए कहीं जाना होता है। अज्ञानरूपी बन्धन काटने पर जहां अपनी स्वरूप स्वातंत्र्यशक्ति का साक्षात्कार हो जाय, वही तत्वदृष्टि से मोक्ष है। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस दशा में साधक को ज्ञान रूप क्रिया का और क्रियारूप ज्ञान का स्वातन्त्र्य हो वही यथार्थ मोक्ष कहलाया जायेगा अर्थात् जहां समाधि और व्युत्थान दोनों में पूर्ण स्वरूपस्वातन्त्र्यसाम्राज्य प्राप्त हो जाये वही शैवदर्शन में मोक्ष कहा गया है। इसी का दूसरा नाम स्वरूपस्वातन्त्र्य दशा है। इस प्रकार जब एक साधक भोग या ऐहिक सुख साधनों में लीन रहकर भी यथार्थ तत्व की ओर अभिमुख रहे तो उसे इन सुख साधनों की कालिख कलंकित नहीं करसकती है। वह इन साधनों में भी आराध्य तत्व का ही आराधक बना दिखता है। अतः यह कश्मीरदर्शन भोगों पर प्रतिबन्ध न लगा कर मुक्ति के वास्तविक मर्म की ओर उन्मुख रहने का निर्देश देता है। इसी लिए हम यह अनुभव करते हैं कि शैवदर्शन के महान् आचार्य गृहस्थी

होके भी परमोच्च दशा का भागी बन पड़े। आचार्य उत्पलदेव गृहस्थ में रहकर, गृहस्थ का सुखभोग कर भी शिव सायुज्य को प्राप्त कर सके। श्री सोमानंद और उन के पांच पूर्वज गृहस्थी थे। स्मरण रहे कि आचार्य उत्पल देव उनके ही पुत्र थे। भट्टकल्लट पूर्ण गृहस्थी थे, नरसिंह गुप्त जो अभिनव गुप्त के पिता थे, पूर्ण गृहस्थी थे। इस प्रकार इन मूर्धन्य आचार्यों ने यह स्पष्ट किया कि केवल वैराग्य या सन्यास से वास्तविकता का ज्ञान नहीं हो सकता अपितु गृहस्थ में रहकर सुख भोग से वंचित न होने के साथ–साथ स्वात्मलाभ से लाभान्वित होने के लिए कमर कसकर अभ्यास करना है। इसीलिए इन्द्रिय संयम आदि यम नियम जो भारत में बहुचर्चित रहें वे कश्मीर के सिद्धों में उतना आदर न पा सकें।

कश्मीर शैवदर्शन की आधुनिक युग के लिए उपादेयता इसलिए भी है क्योंकि यह जिस पथ पर चलने के लिए सारे साधकों को प्रेरित करता है वह पथ कोई विशेष मार्ग न होकर अपने ही शरीर को सत्ता देने वालाश्वासोच्छास का मार्ग है। सांस लेने की और सांस छोडने की प्रक्रिया में सावधानता बरतना ही परम लक्ष्य का मार्ग है। प्राण और अपान इस दशा में अत्यन्त सूक्ष्म हो जाते हैं जिससे इनकी गति का कुछ भी पता नहीं चलता कि उसे प्राणा पान का संचार होता है कि नहीं। इसी प्राणसंचार साधक को सन्धिस्थान (Junction of the two or meeting point of the two) पर सजग रहना चाहिए। इन्ही दो सन्धियों पर बार–बार अनुसन्धानपरता से साधक स्वरूप साक्षात्कार को पा लेता है। इस प्राणसंचार में हंस हंस मन्त्र का जप दिन रात २१६०० बार स्वतः चलता है। क्योंकि "स" की ध्वनि प्राण वायु के हृदय द्वादशांत से बाहिर निकलते समय और "ह" की ध्वनि अपानवायु के बाह्य द्वादशांत से हृदय धाम तक जाते समय, निकलती है। इस प्रकार यह हंसः में परिवर्तित हुआ स,ह का अजपाजप अनथक रूप से चलता रहता है। इस कार्य को सिद्ध करने के लिए साधारण व्यक्ति को कोई विशेष तैयारी करनी नहीं पडती है ना ही किसी व्यक्ति विशेष की सहायता ही लेनी पडती है। इसी के फलस्वरूप थोडे ही समय के अभ्यास से साधक को प्राणसंचार का धीरे–धीरे चढ़ाने और उतारने का अभ्यास स्वाभाविक बन जाता है और दिन रात फिर ऐसा करने से उसे अपने स्वरूप का साक्षात्कार होता है और स्वात्मस्थिति से किसी भी अवस्था में वंचित नहीं रहता। इस प्रकार बिना किसी आभ्यास के बिना किसी विशेष उपक्रम के साधक की साध पूर्ण होती है।

कश्मीर शैवदर्शन कोई विशेषधर्म न होकर एक ऐसा साधन है जो सर्वजनसाध्य है। यह किसी विशेष सम्प्रदाय के लिए नहीं बना है, विशेष वर्ण, धर्म, जाति और देश के लिए इसकी उपादेयता न होकर संसार के प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह ग्राह्य है। वास्तविक रूप से समझा हुआ यह दर्शन आधुनिक विचारकों की चिन्तनधारा को नई दिशा प्रदान करने में सक्षम है। एकत्व में जगद्रूपता और परिवर्तनशीलता में नित्यता के तत्व को देखना ही इस दर्शन का प्रयास है। यद्यपि भारत जैसा चिन्तनप्रधान देश, सिद्धों, ऋषियों, संतों और योगियों के लिए, उर्वराभूमि खण्ड के रूप में सदियों से रहा है पर इस कश्मीरदर्शन की महत्ता और ओजस्विता ने इस धरा को और भी महनीय बनाया। आजकल के संघर्ष पूर्ण जीवन के लिए कश्मीर शैवदर्शन का यह संदेश समयानुकूल है कि उस परम सत्य को पाने के लिए हमें अनेक प्रकार की यातनाओं को झेलने की कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि पाना हमने कुछ भी नहीं। यह पहले से ही हमने पाया है। यह संवित् रूप में विश्व के कण–कण में व्याप्त है। इसे सिद्ध करने के लिए हमें प्रमाणान्तरों की कोई आवश्यकता नहीं संसार का कर्त्ता स्वतंत्र है वह "कर्तुं अकर्तुं अन्यथाकर्तुं समर्थः" अर्थात् वह बनाने में, बिगाडने में या अन्य उलट फेर करने में पूरी तरह से समर्थ है। वह किसी की सहायता पर निर्भर नहीं है। संस्कृत भाषा के व्याकरणकार श्री पाणिनि ने कर्ता की परिभाषा देते हुए कहा है कि "स्वतंत्रः कर्ता" अर्थात् कर्ता वह होता है जो स्वतंत्र हो परमुखापेक्षी न हो। कर्ता की यह परिभाषा कश्मीर शैवदर्शन की परमसत्यता का पूर्व रूप से दिग्दर्शन करती है। स्वातन्त्र्यवाद इस दर्शन का प्राण है। हमारे सद्गुरू महाराज ईश्वरस्वरूप स्वामी लक्ष्मणजू कहा करते थे कि पाणिनि परिपूर्ण रूप से शैवी थे, क्योंकि उन्होंने चौदह सूत्रों में से "अइउण्" सूत्र पहले लिखकर यह सिद्ध किया कि अ यह पहला स्वर ही सभी भाषाओं का आदि वर्ण है। यही अनुत्तर है अर्थात् जिसका कोई सानी नहीं है। यही वेदों और आगमों का सार प्रणव का प्रथम अक्षर है। मातृकाचक्र का भी यही आदि वर्ण है। इस अनुत्तर को हमें कहीं ढूंढ़ने के लिए नहीं जाना है। यह तो हममें सर्वदा सर्वशः व्याप्त है। केवल अनुसंधानपरायणता की आवश्यकता है। यह अनुसंधान न कोई चिन्तन है, न कोई अनुशासन है और न कोई स्वभाव है। इस अनुसंधान का अभ्यास नहीं किया जाता क्योंकि यह क्षण–क्षण प्राप्त किया जाने वाला जागरण है। इस विषय में कहा गया है कि –

अयं रसः येन मनागवाप्तः
समाधि चेष्टा निरतस्य तस्य।
समाधि योग व्रत मंत्र मुद्रा
जपादि चर्या विषवत् विभाति।।

अर्थात् इस अनुसंधान परायणता की रसानुभूति जिसे जरा भी हुई, स्वतंत्र चेष्टा में निरत बने हुए उस साधक को, समाधिधारण, योग सेवन, व्रतपालन, मंत्र उच्चार, मुद्रा ज्ञान, जप आदि क्रिया विष–तुल्य दिखती है। अर्थात् उसे इन बाह्य क्रियाओं में तनिक भी आनन्द नहीं आता है। ऐसा साधक फिर बाहरी पुष्प आदि सामग्री को एकत्रित करके पूजा करने नहीं बैठता। स्वतंत्र निर्मलस्वरूप चिदात्मा भैरव के साथ जहां भेद प्रथा रूप पदार्थ–समूह की एकता की जाती है, वही वास्तव में उसकी यथार्थ पूजा है। ऐसे साधक के लिए बाहरी स्नान शुद्धि आदि करने की भी कोई आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि नित्य शुद्ध संवित् पर बाहिर से पानी के घड़ों के उड़ेलने से क्या हो सकता है। यदि इन बाहरी स्नानों आदि से पवित्रता आ सकती है तो "यदि मुक्तिः जल स्नानात् मत्स्यानां सा न किं भवेत्" अर्थात् यदि जल स्नान से मुक्ति होती तो मछली आदि जल जन्तुओं की मुक्ति क्यों नहीं होती जो रातदिन पानी में ही वास करती है और पानी ही जिन का जीवन है। इस प्रकार यह दर्शन वर्तमान प्राणियों को सावधान करता है कि बाह्य पूजा आदि पर बल न देकर आभ्यन्तर तत्त्व के परिशीलन में ही निमग्न रहो।

भौतिक आकर्षणों से व्यस्त और व्याकुल बने हुए जीवों को, कश्मीर शैवदर्शन, इन प्रेरणाप्रद शब्दों से सचेत करते हुए समझाता है:

संसारोस्ति न तत्त्वतस्तनुभृतां बन्धस्यवार्तैव का
बन्धो यस्य न जातु तस्य वितथा मुक्तस्य मुक्ति क्रिया।
मिथ्यामोहकृदेष रज्जुभुजगच्छाया पिशाचभ्रमो
मा किंचित् त्यज मा गृहाण विलस स्वस्थो यथावस्थितः॥

अर्थात् सारे शास्त्र संसार को असत्य कहते हैं, जब संसार तात्त्विक दृष्टि से है नही, तो बन्धन काहे का? जिसका बन्धन ही असिद्ध है उसकी मुक्ति की बात करना बेकार है अर्थात् जीव तो मुक्तात्मा है उसे मुक्त बनाने के उपायों मे लगाना काहे की अकलमन्दी है? सही रूप में यदि देखा जाये तो बन्धन या मुक्त आदि की भावना व्यर्थ के मोह द्वारा पैदा की गई है। यह रस्सी पर सांप की भ्रान्ति या छाया में भूत के भय के समान आभास मात्र है। इसलिए सबके लिये एक ही राजमार्ग है जिस पर चलकर आधुनिक युग के तनाव पूर्ण जीवन में, सारे संसार के लोग कल्याण को प्राप्त कर सकते है। वह राजमार्ग है कि सर्वत्र परमशिव की व्याप्ति के आधार पर संसार में किसी पदार्थ के त्याग की बात या किसी में ग्रहण की असक्ति नहीं होनी चाहिए। स्वात्मभाव में जिस रूप में हो, रहो और सदा स्वात्मशिवत्व का अनुसंधान कर प्रफुल्लित रहो। आधुनिक युग के योगी स्वर्गीय जे. कृष्णमूर्ति ने अपनी पुस्तक "The first and last freedom" में कहा है कि उन्होनें 'मा किंचित् त्यज मा गृहाण' इसी मंत्र की साधना की उन्होनें इस भाव को "Choiceless awareness or an awareness which is not of thought" कहा है। इस प्रकार (Taoism) के "Non-interference" भाव में और Zen के "let go" भाव में और जे. कृष्णमूर्ति के "Choiceless awarenesss" में हमारे शैवदर्शन के शांभवोपाय की ही झलक मिलती है। आधुनिक युग में शैवदर्शन की उपादेयता क्यों अन्य दर्शनों से महत्व पूर्ण है इस सत्य पर चर्चा करते हुए शैव दर्शन ने हमें 'हेयोपादेय विज्ञान' का सिद्धान्त सामने रखा है। यह 'हेय' है अर्थात् इसका त्याग करना चाहिए यह 'उपोदय' है इसको ग्रहण करना चाहिए। ये दोनों विचार भेदवाद पर आधारित है हमें न किसी को हेय या त्याज्य मान कर उसका त्याग करना चाहिए और न उपादेय या ग्राह्य समझ कर उसका ग्रहण करना चाहिए। हमें इन दोनों से निरपेक्ष होकर, तटस्थ होके निर्विकल्प में लीन होने का अभ्यास करना चाहिए। अपनी बुद्धि को वैचारिक संक्रमण का शिकार बनने नहीं देना चाहिए, भेद जन्मदाता मुख शरीर या चरण आदि का, अथवा किसी ऐसी धटना का ध्यान ही नहीं करना चाहिए तथा किसी धारणा के बन्धन में, या भावना के प्रवाह में बहना नहीं चाहिए।

कितना सर्वसमयोपयोगी और सर्वजन ग्राह्यमौलिक उपदेश है यह आचार्य अभिनवगुप्तपाद का।

भारत के मान्य अन्य दर्शनों में निष्काम कर्मयोग के विषय में जो धारणा है कश्मीर शैवदर्शन उसके पक्ष में नहीं। इस दर्शन के अनुसार कर्मयोग का तात्पर्य है yoga in action यह क्रिया योग ही उच्चयोग है। योग की विशेषता एकाग्रता या अनुसन्धानपरायणता में है जिसे अपनी वैयक्तिक सत्ता में, अथवा परावाक् में एकाग्रता, मध्यमावाक् में एकाग्रता की विवृद्धि और वैरवरी वाक् में भी एकाग्रता का समुन्नयन है। इस क्रियायोग को समझाते हुए हमारे सद्‌गुरु महाराज श्रीलक्ष्मणजू कहा करते थे कि जब हम बस में बैठे सफर करते है या जब हम सड़क पर चलते है, हमें मौन रखना चाहिए, चुपचाप सड़क पर चलना चाहिए या चुपचाप बस में सफर करना चाहिए। किसी के साथ सम्भाषण में न लगकर, केवल अपने अभ्यास में लीन रहना चाहिए। यह क्रियायोग बहुत ही शक्तिशाली है। मानिये आपने इस प्रकार का अभ्यास पन्द्रह मिन्ट के लिए किया हो तो इसका फल आपको अपने साधनाकक्ष में नियत रूप से एक साल तक अभ्यास करने से प्राप्त होगा। क्योंकि इस प्रकार का अभ्यास आपकी साधना विधि को और अधिक सुदृढ़ और ठोस बनामे में समर्थ होता है। प्रातःकालिक भ्रमण के पश्चात् जब आप अपने

साधना कक्ष की ओर लौटोगे तो वहां स्वतः सिद्ध ही आप योग की परादशा में प्रवेश पावोगे बशर्ते कि आपकी साधना इस क्रिया योग में स्वयं सिद्ध और व्यवच्छेद रहित हो। अन्यथा उपरोक्त साधना सफल नहीं होगी। जब हम क्रियायोग का वैरवरी वाक् में होने का दर्शन करते है तो इसमें हमें बातें करने में, हंसने में, और अन्य सारी दैनिक क्रियायों में स्वरूपस्थिति का आभास होता है। इस प्रकार का क्रियायोग तब तक संभव नहीं जबतक कि वैरवरी वाक् से पूर्व की दो दशाओं का रसास्वादन न किया हो। इस स्थिति का क्रियायोग कलाविद् साधकों को ऊंचे शिखर तक पहुंचाता है।

कश्मीर शैव दर्शन की व्यावहारिकता पर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो यह स्पष्ट होता है कि इस दर्शन के अनुत्तर मार्ग में पूजा, पूजक तथा पूज्य, अथवा स्तोता, स्तोत्र व स्तुत्य रूप भेदमार्ग का तिरस्कार कर इन तीनों के समन्वय में स्थितप्रज्ञ रहना चाहिये। यह बात ही नहीं है कि इस मार्ग में किसने क्यों और कैसे प्रवेश करना है या कैसे छूटना है। यदि हम यह कहें कि यह माया है तो वह माया भी अद्वैत चित्प्रकाश के बिना या उससे अलग होकर ठहर ही नहीं सकती। ये सारे उपाय निर्मल स्वात्म अनुभव रूप ही हैं फिर व्यर्थ में हमें किसलिए चिन्ता करनी है। स्नेह–वैर, सृष्टि–विनाश, हर्ष या विषाद आदि भाव स्वात्मरूप जगत् से भिन्न नहीं, अपितु ये उसके ही स्वभाव हैं। जिस रूप या जिस भाव को देखकर आप उसके साथ लीन होते हैं उसे संवित् स्वरूप ही जानों और उसी भावना से सारे व्यवहार करो। हमें अद्वैत भावना से संसार के सभी पदार्थों के साथ सम्बन्ध जोड़ना चाहिए जिससे हम उसी रंग में रंग जायेगें। इसी साधक को इस दर्शन में "परजीवैक्यधर्मज्ञः" कहते है।

कश्मीर शैव दर्शन की यह मान्यता है कि हमारे संवित् दर्पण से ही जगत् सम्बन्धी सारी धारणाओं की उत्पत्ति होती है। हमारे चित् दर्पण से अलग इनकी सत्ता ही नहीं है। अहं परामर्श की सुदृढ़ता के स्वरूप आनन्दातिरेक का प्रादुर्भाव होने से देहाभास तथा उससे सम्बद्ध अन्य संकल्प विकल्प परम्परा का विलय होता है और "प्रसरतिपरमानन्दः"का उदय होता है। जैसे नमक की ड़ली को जिस ओर चाटेंगे उस ओर नमक के स्वाद के अतिरिक्त कुछ नहीं होगा इसी तरह से उपरोक्त अवस्था में भी आनन्द के बिना अनुभूति किसी की नहीं होती है। आचार्य अत्पलदेव के अनुसार इसी आनन्दावस्था में –

"न सदा न तदा न चैकदे–
त्यपि सा यत्र न कालधीर्मवेत्।
तदिदं भवदीय दर्शनं
नच नित्यं नच कथ्यतेऽन्यथा।।

अर्थात् सदा तदा, एकदा आदि काल कलना का ज्ञान इस अवस्था में नहीं रहता है।

कश्मीर शैव दर्शन के अनुसार परमशिव पंच कृत्यकारी माने जाते हैं। ये पांचकृत्य (acts) है–सृष्टि, स्थिति, संहार, पिधान या तिरोधान, अनुग्रह। सृष्टि शब्द की व्युत्पत्ति सृज् धातु से हुई है, जिसका अर्थ उत्पन्न करना या निर्माण करना नहीं है, जैसाकि सामान्य अर्थ किया जाता है, अपितु इस दर्शन में सृज् का अर्थ अपने से बाहर निकालना है। निर्माण करने की अवस्था में बाहरी साधनों की अपेक्षा के बिना वह अपने में ही स्थित विश्व को अपने से बाहर निकाल कर इस स्थिति का आनन्द लूटता है अतः सृज् धातु का अर्थ है "to emanate". इसी प्रकार संहार का अर्थ भी "destruction" न होकर यह है कि जो संसार परम शिव ने अपने से बाहर निकाला, उसी को पुनः अपने में समेटने का नाम संहार है। कहा भी है "World is not a creation but an emanation, संहार is not destruction but it is reabsorption" स्थिति परमशिव का रक्षात्मक और पिधान स्वरूपगोपनात्मक और अनुग्रह स्वरूप प्रथनात्मक कृत्य है। ये पंच कृत्य परमशिव के कर्म है। ये क्रिया नहीं। क्योंकि क्रिया परमुखापेक्षी होती है जब कि कर्म नहीं। परमशिव स्वतंत्र है उसे किसी दूसरे की अपेक्षा नहीं रहती जबकि एक साधारण व्यक्ति (individual) अस्वतन्त्र है, उसकी प्रत्येक क्रिया दूसरे पर निर्भर रहती है। इस पंचकृत्य के विषय में शैव दर्शन की मान्यता है कि सृष्टि स्थिति संहार, पिधान और अनुग्रहात्मक पांच कर्म परमशिव करके विश्व को पुनः प्रकाशित करने के लिए अनुग्रहात्मक कर्म करते है। इसी से विश्व की सत्ता प्राप्त होती है। स्मरण रहे कि परमशिव के कार्य कलाप को "कृत्य" की श्रेणी में रखा जाता है जबकि व्यक्ति के कार्यो को क्रिया की श्रेणी में रखा जाता है यही अन्तर है कृत्य और क्रिया में।

हमारे कश्मीर शैव दर्शन और वेदान्त दर्शन में कुछेक असमानतायें जो दृष्टिगोचर होती है वे साधारण होकर भी असाधारण सी लगती है। वेदान्तियों की धारणा है कि जीवत्मा की अभिव्यक्ति तभी होती है जबकि विश्वात्मा का प्रतिबिम्ब जीवात्मा की बुद्धि में पड़ता है। शैवदर्शन वादियों का कहना है कि यह धारणा भ्रान्त है क्योंकि विश्वात्मा तो पूरी तरह स्वच्छ शुद्ध और पूर्ण है और जीवात्मा मलों से तथा आवरणों से आवृत है बुद्धि में इतनी गहराई कहां कि वह विश्वात्मा का प्रतिबिम्ब धारण कर सके, यह तो विश्वात्मा ही है जो बुद्धि के प्रतिबिम्ब को ग्रहण कर सकता है। क्योंकि अधिक प्रकाश पुंज ही अपूर्ण प्रकाश को अपने में लीन कर सकता है। कश्मीर शैव दर्शन के अनुसार जब परमशिव अपनी स्फुट इच्छा से अपने स्वातन्त्र्य दर्पण में प्रतिबिम्बित होते हैं तो इसी के परिणाम स्वरूप

जगत् और जीव का अस्तित्व उभर पड़ता है।

"ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या" कहकर इस दर्शन के वादी ब्रह्म को सत्य मानते हैं और संसार को मिथ्या, पर शैव दर्शन वादी कहते है कि यह ठीक है कि ब्रह्म या परमशिव सत्य है पर हम यह कैसे कह सकते हैं कि जिस जगत की उत्पत्ति उनसे होती है वह जगत् मिथ्या है असत्स्वरूप है। क्योंकि जैसा कारण होगा वैसा ही कार्य भी होगा। अतः यदि हम जगत को मिथ्या माने तो शैव दर्शन की यह धारणा कैसे सत्य होगी कि सृष्टि सत्य स्वरूप और ठोस है क्योंकि शैवी धारणा के अनुसार जगत् में ऐसा कुछ नहीं जो असत्य है यहां तक कि घास का तिनका भी संवित् स्वरूप ही है।

कई प्रामाणिक दर्शनों में कुण्डलिनी योग को अवरयोग साधना में लगे हुए साधकों की अभीष्ट वस्तु माना है पर कश्मीर शैव दर्शन के अनुसार कुण्डलिनी योग महत्वपूर्ण यौगिक प्रक्रिया है जिसमें पराकुण्डलिनी योग सर्वोच्च है और शिवसायुज्यदायक है, चित्तकुण्डलिनीयोग चेतना से सम्बद्ध है, और प्राणकुण्डलिनीयोग प्राणापान से जुड़ा है। कश्मीर शैवदर्शन की आधुनिकयुग में सबसे बडी विशेषता यह है कि यह अन्य दर्शनों की तरह सीमित वर्ग के लिए या केवल ब्राह्मणों के लिए या केवल श्रोत्रियनिष्ठों के लिए ही ग्राह्य नहीं है अपितु अन्य वर्गो के लिए, विशेष वर्ग जाति, आकार या वर्ग के लिए कोई विशेष आग्रह नहीं अपितु सर्वधर्मों के लिए इस पुस्तक का पन्ना खुला है। अन्य धर्मो में नारी के लिए जो प्रतिबन्ध रखे हुए हैं वे प्रतिबन्ध इस दर्शन में नहीं है। समस्त नर वर्ग के साथ समस्त नारी जाति भी स्वरूप साक्षात्कार के क्षेत्र में उतनी ही वांछनीय है जितना कि नरसमुदाय। आचार्य अभिनव गुप्त ने यहां तक कहा है कि साधना के क्षेत्र में नारी नर से कई गुणा अधिक थोडे से समय में ही सिद्धि प्राप्त कर सकती है। उनके ही शब्दों में–

योक्ता : संवत्सरात्सिद्धि –
रिह पुंसामभयात्मनाम्।
सा सिद्धिस्तत्त्वनिष्टानां
स्त्रीणां द्वादशभिर्दिनैः।।

अर्थात् एक वर्ष में जिस सिद्धि को नरवर्ग प्राप्त करता है उसी सिद्धि को तत्वनिष्ठ स्त्रियां बारह दिनों में ही प्राप्त करती है। अत एव दूती का साथ इस सम्प्रदाय में महत्त्व रखता है। अनुसन्धानपरायणता और एकाग्रता के लिए स्त्रियां प्रसिद्ध हैं। यह अनुसंधान परायणता (Self awareness) ही प्रत्यवमर्श (Consciousness) की आत्मा है। यही स्वतः उदित परावाक् है और परमशिव का स्वातन्त्र्य है। यही स्फुरत्ता है, यही महासत्ता है जो देश काल आकार आदि के घेरे से अनतिक्रान्त है। आचार्य उत्पलदेव ने ईश्वर प्रत्यभिज्ञा में इस अनुसन्धानपरायणताअथवा "चितिः"के विषय में कहा है कि –

चितिः प्रत्यवमर्शात्मा परावाक् स्वरसोदिता।
स्वातन्त्र्यमेतन्मुख्यं तदैश्वर्यं परमात्मनः।। इत्यादि।

प्रकाश और विमर्श का सिद्दान्त शैवदर्शन का उपयोगी सिद्दान्त है। कहा है कि –

प्रकाशतामात्रं शिवस्यैव निजंवपुः।
प्रकाशः केवलं शिवः।। तन्त्रालोक।।
प्रकाशवपुरेवायं भासते परमेश्वरः।। तन्त्रालोक॥
प्रकाशो नाम यश्चायं सर्वत्रैव प्रकाशते।
अनपह्नवनीयत्वात् किं तस्मिन्मानकल्पनैः॥

अर्थात् प्रकाशताही शिव का अपना शरीर है। उसके अतिरिक्त किसी अन्य पदार्थ की सत्ता हो नहीं सकती बाह्य या आन्तर वस्तुवर्ग सारा प्रकाशतामात्र है।

यह भेदवाद तथा अद्वैतवाद सब प्रकाशमान होने के कारण प्रकाश शरीर परमेश्वर है।

प्रकाश नाम से जो कुछ है वह शाश्वत प्रकाशमान है वहां आदि वर्तमान अनजाने अर्थ का प्रकाशन अथवा विषय का अज्ञान आदि अनुभव की बातें नहीं हैं।

क्योंकि वह अनुभव भी प्रकाश रूप ही है। यह निरन्तर भासमान है। यह आदि सिद्ध है। इसे छिपाया नहीं जा सकता। इसमें प्रमाण कल्पना बेकार है। वही प्रकाशही प्रकाशक प्रमाता भी है – परमेश्वर शिव है। शिव का एक ही स्वभावभूत धर्म अहं प्रत्यवमर्श है। उपायों के द्वारा शिव का भान नहीं होता। उपाय तो स्वयं उनकी कृपा पूर्ण प्रसन्नता से मासित होते है। कहा है कि –

उपायजालं न प्रकाशयेत् शिवं
घटेन किं भाति सहस्त्रदीधितिः॥

प्रकाश का यह चमत्कार ही है कि न रहने पर मासित होना पर वास्तव में कुछ न होना है। इसी तरह शक्तिमान और शक्ति की भेदात्मक स्थिति का भी गोपन नहीं हाता है, भेदभाव भासमानता के स्तर तक तो वास्तविक है पर अभेदसत्ता विकारहीन है

विमर्शः= तस्य देवातिदेवस्य परबोधस्वरूपिणः।
विमर्शः परमाशक्तिः सर्वज्ञ ज्ञानशलिनी॥

उस परमज्ञानस्वरूप देवाधिदेव की सर्वज्ञ ज्ञानशलिनी महान्शक्ति ही विमर्शशक्ति है यह विमर्श ही परमशिव का सार सर्वस्व हृदय और उसमें प्रवेश पाने का द्वार है। मयूराण्डरसवत् अर्थात् जैसे मोर के अण्डे के रस में विचित्र रंगों और आकारों सहित मोर रहते हैं वैसे ही यह समस्त संसार परमप्रकाशमय शिव की इस विमर्श शक्ति में रहता है। इस विमर्श पर ही संसार की सृष्टि स्थिति

और संहार निर्भर है। विमर्श ही अहं चेतना है। शैवागमों मे यही विमर्शशक्ति जगत् है जिसकी उद्भावना ३६ तत्त्वों द्वारा दिखाई गई है। आग में दाहिका शक्ति की तरह सूरज में गरमी की तरह जल में शीतलता की तरह प्रकाश और विमर्श एक दूसरे के साथ मिलें हैं।

अन्त में हम कह सकतें हैं कि कश्मीर की महीयसी मही से महनीया मुक्ति की धारा भारत पर बहुत समय के लिए बरसती रही और साधकों और विद्वानों के हृदय को अभिभूत कर बैठी क्योंकि आचार्य अभिनवगुप्त के अनुसार स्वात्म प्रत्यय के लिए शास्त्रों का गहन अध्ययन और उनका अनुशीलन सहायक होता है और स्वात्मविकास का संवर्धन करता है तथा संवित् का उदय होता है।

इस प्रकार यह स्पष्ट हुआ कि कश्मीर शैवमत केवल आध्यात्मिक प्रणाली न रह कर एक व्यापक जीवनदर्शन के रूप में विकसित हुआ तथा इसने समूचे बुद्दिजीवी चिन्तन को प्रभावित किया॥

जयगुरुदेव

साम्यभाव उदित हुआ था
सद् गुरु को यौवन प्रागंन में
प्यार दुलार भाव से करता
वत्सतरी को हियसे प्यार
ई ,स. 1.9.42

ये यौष्माके शासन मार्गे कृतदीक्षा
सगच्छन्तो मोहवशादप्रत्तिपत्तिम्।
नूनं तेषां नास्ति भवत् भानुनियोगः
संकोचः किं सूर्य करैस्तामरसानाम्।।
अभिनवगुप्त

MODI WELDS LIKE NOBODY ELSE

Whether it is mild steel, low hydrogen, hard surfacing, stainless steel or cast iron electrodes. Or even CO_2 welding wire and SS filler wires. With a wide range of LOMELT, low heat input electrodes for maintenance and repair applications also. Backed up by years of research and development, the most modern equipment and stringent quality control checks at each stage of production.

Approvals by ABS, BIS, BHEL, BVIS, BECHTEL, CIB, CIM, CRL, DNA, DNV, DCE, DESIEN, EIL, IRS, Kvaerner Powergas, Lloyd's, MN Dastur, NPC, NTPC, PDIL, RDSO, TCE, TISCO, TOYO, UHDE etc. and others assure you of reliability and wide acceptance. And a wide network of depots and stockists for timely supplies.

So, when you want to meet deadlines on your projects at prices you can afford, remember **Modi Welds Like Nobody Else.**

Dedicated to Excellence

MODI ARC ELECTRODES CO.
Modinagar (U.P.) 201204.
Phone : (01232) 42427, 42340, 43912
Fax : 01232-42147; GRAM : MODIARC
E-mail :modiarc@ndb.vsnl.net.in

Visit us at www.indo-rama.net

If it's on your mind, it will be in our catalogue.

An incomparable range of fibres and yarns from Indo Rama.

What gives your fabric a soul is the yarn. To capture attention, to appeal to the senses.

And it's only Indo Rama who can fulfil your need for an exotic range of quality fibres and yarns. The variety offered is incomparable in blended yarn, partially oriented yarn, draw texturised yarn and polyester staple fibre.

No wonder, Indo Rama is the largest exporter of synthetic fibres and yarns to Belgium, Germany, Italy, France, England, Spain, Korea, Taiwan, Canada, Brazil, Mexico, South Africa, Argentina, Peru, Ecuador, Venezuela and Columbia, besides China, Nepal, Kenya and Bangladesh.

Also, prestigious international brands like Benetton, Arrow, Polo, Coats Viyella depend on Indo Rama yarns to create the fabrics of distinction.

If you are creating superior fabrics, don't let range limit your freedom-think Indo Rama!

INDO RAMA

Aiming to cover the world

Marketing Headquarters : 903, Mohan Dev Building, 13 Tolstoy Marg, New Delhi - 100 001
Phone: 91-11-3737686. Facsimile: 91-11-3355364

Corporate Office : Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, New Delhi - 110 001
Phone : 91-11-3351101, 3323776. Facsimile : 91-11-3326827

A m b i e n c e   p r e s e n t s

L a g o o n   l u x u r y   a p a r t m e n t s .

- Advantage Location
- Advantage Environment
- Advantage Stage of Construction
- Advantage Option
- Advantage Amenities
- Advantage Foundation
- Advantage Price
- Advantage Specifications

Approximate distance from important landmarks of Delhi

- 4 kms from Radisson Hotel
- 6 kms from IGI
- 7 kms from Domestic Airport
- 10 kms from Dhaula Kuan
- 14 kms from AIIMS & Safdarjang Hospital
- 16 kms from Connaught Place



AMBIENCE
LAGOON
LUXURY APARTMENTS
So open, yet so close.

Escorted site visit at your convenience

HLF Enterprises Private Limited
L-4, Green Park Extn., New Delhi-110 016.
Tel.: 619 5042, 4021.1106, 8101 Fax: 616 4757
E-mail: ambience@ndf.vsnl.net.in Website: www.ambience-island.com

An Integrated Township

When I think of human unity as an ideal, it appears that it is possible to think of a unity based on some kind of mechanical unity through political and administrative means, such unity for the civilisation can only be ensured and peacefully sustained through religion, which is the sublime ideal of mankind. Faith in religion manifests itself to its true achievement if the conduct of the faithful follow the ideal

Mr. S.K. Chatterjee.